ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहॉपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 14.06.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा आज दिनांक 14.06.2021 को नगर क्षेत्र के ककरा कलां में पार्क के सौन्द्रयीकरण, तालाब के चारों तरफ बन रहें फूटपॉथ एवं निर्मित शौचालय का किया गया स्थलीय निरीक्षण।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा आज दिनांक 14.06.2021 को नगर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यो का किया गया निरीक्षण।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 14.06.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 14.06.2021 को नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) का कार्य कराया गया।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा है नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य।

1. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा आज दिनांक 14.06.2021 को नगर क्षेत्र के ककरा कलां में पार्क सौन्द्रयीकरण, तालाब के चारों तरफ बन रहें फूटपॉथ एवं निर्मित शौचालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा ककरा कलां में बने तालाब के सौन्द्रयीकरण हेतु बनवाये जा रहें फूटपॉथ की सड़क को खुदवाकर उसकी लेयर को देखा गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर क्षेत्र के ककरा कलां में बने शमशानघाट में मियांवाकी तकनीक पर आधारित बन रहें सिटी फॉरेस्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय शमशानघाट की जमीन को जे0सी0बी0 द्वारा लेवल किया जाता हुआ पाया गया व संबन्धित को निर्देशित किया गया कि कार्य में तेजी लायें जायें। इसके साथ ही जैव विविधता पार्क में विकसित किये जा रहें मियांवाकी पार्क के सौन्द्रयीकरण हेतु किये जा रहें कार्य का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा ककरा कलां में निर्मित शौचालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय के साथ सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित उपस्थित रहें।

2. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा कराये जा रहें कार्यो का नगर आयुक्त महोदय ने स्वंय जाकर निरीक्षण किया। जिसके क्रम में नगर आयुक्त महोदय द्वारा सर्वप्रथम नगर क्षेत्र के सफाई जोन–02 में हद्दफ चौकी रोड पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया व अपनी उपस्थिति में सेनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया। इसी क्रम में नगर आयुक्त महोदय द्वारा सफाई जोन–02 रंगीन चौपाल में बने नाले की हो रही सफाई के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा नाले की की जा रही सफाई के कार्य को अपनी देखरेख में कराया गया व संबन्धित को निर्देशित किया गया कि नाले से निकल रहे मलवे/सिल्ट को भी हटवा दिया जायें, जिससे आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही रंगीन चौपाल मे बने नाले के ऊपर क्षेत्र के ही फैजान व राजू द्वारा कर रखे अवैध अतिक्रमण को स्वंय तुड़वा लिये जाने को कहा गया, अन्यथा की स्थिति में नगर निगम द्वारा तुड़वा दिये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा रंगीन चौपाल में डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन के बारे में भी जानकारी ली गई, जिसमें क्षेत्रवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि कूड़ा कलेक्शन गाड़ी नियमित रुप से आती है व डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य करती है। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के साथ क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित व राजमंगल उपस्थित रहें।

3. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 14.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कॉलोनी, एमनजई जलालनगर, महमदं जलालनगर, लोधीपुर, तारीन जलालनगर, बाडुजई पेशावरी, आवास विकास कॉलोनी में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा जेल परिसर एवं आसपास की गलियों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अन्र्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा हद्दफ चौकी से लोहारों वाला चौराहा तक, तहसील, कोतवाली, आनन्दपुरम कॉलोनी, अलीजई में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा गर्राघाट स्थित स्वर्गधाम, अजीजगंज रैन बसेरा, अजीजगंज, बच्चा जेल एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा गड़ी गाडीपुरा, चर्च कॉलोनी, आदर्शनगर कॉलोनी, रोजा अड्डा, ख्वाजा फिरोज में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 7248 स्थलों एवं 650 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

4. अपर मुख्य सचिव महोदय के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढते सक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) कराये जाने के विशेष निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नगर में विशेष अभियान के दौरान नगर में प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को नगर में अवस्थित जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरीय स्वास्थ्य इत्यादि के परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया। निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 14.06.2021 को नगर क्षेत्र के जिला चिकित्सालय, रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र रोजा, पूराना जिला अस्पताल, ओ.सी.एफ. अस्पताल (कैन्ट) एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र– सराय काईयां, पुलिस लाइन, लोधीपुर, कटिया टोला, ककरा खुर्द, ककरा कलां, जली कोठी, हुसैनपुरा, अजीजगजं, एमनजई जलालनगर, तारीन जलालनगर में विशेष अभियान के तहत साफ–सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

5. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 14.06.2021 को सफाई जोन–1 में एमनजई जलालनगर एवं रुपक चरण लेन में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में बहादुरगंज पचराहे के पास एवं रंगीन चौपाल में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 सुनहरी मस्जिद से बैंक ऑफ बडौदा तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में भारद्वाजी में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के रोशनगंज में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।